# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 10th



aglasem.com

Class : 10th

Subject : हिंदी

Chapter : 12

Chapter Name : तताँरा-वामीरो कथा

मौखिक

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -

Q. 1. तताँरा-वामीरो कहाँ की कथा है?

Answer – तताँरा-वामीरो निकोबार द्वीप समूह के द्वीप कार-निकोबार की कथा है |

Page: 83, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए

Q. 2. वामीरो अपना गाना क्यों भूल गई?

Answer - वामीरो समुद्र के किनारे खड़े होकर गाना गा रही थी | अचानक समुद्र में ऊँची लहर उठी और वामीरो भीग गई, हड़बड़ाहट में वह गाना भूल गई |

Page: 83, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए

Q. 3. तताँरा ने वामीरो से क्या याचना की?

Answer – तताँरा ने वामीरो से याचना भरे स्वर में पूछा कि क्या वह कल भी समुद्र के किनारे आएगी |

Page: 83, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए

Q. 4. तताँरा और वामीरो के गाँव की क्या रीति थी?

Answer – तताँरा और वामीरो के गाँव की रीति के अनुसार एक गाँव के युवक या युवती का विवाह संबंध दूसरे गाँव में नहीं हो सकता था |

Page: 83, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए

Q. 5. क्रोध में तताँरा ने क्या किया?

aglasem.com

Answer – क्रोध में तताँरा ने तलवार निकाली और उसे पूरी ताकत से धरती में घोंप दिया और फिर उसे खींचते हुए दूर तक पहुँच गया |

Page: 83, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए

लिखित

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -

Q. 1. तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?

Answer – तताँरा की तलवार लकड़ी की थी लेकिन लोगों का मानना था कि उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी | तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी और उसके कई साहसिक कारनामे चर्चित थे |

Page: 83, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए

Q. 2. वामीरों ने तताँरा को बेरूखी से क्या जवाब दिया?

Answer – जब तताँरा ने वामीरो से प्रश्न किया तो वामीरो ने बेरुखी से जवाब देते हुए उससे पूछा - पहले तुम बताओ कि तुम कौन हो, और इस तरह मुझे घूरने और प्रश्न पूछने का कारण क्या है?

Page: 83, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए

Q. 3. तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया?

Answer – तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में एक सुखद परिवर्तन आया | निकोबारी अब दूसरे गाँवो में भी वैवाहिक संबंध करने लगे थे |

Page: 84, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए

Q. 4. निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे?

Answer – तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था | वह गाँववालो के साथ-साथ संपूर्ण द्वीपवासियों की सेवा में तत्पर रहता था इसलिए सभी लोग उसे पसंद करते थे |

Page: 84, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

Q. 1. निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है?

Answer – निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में एक लोककथा प्रचलित है - तताँरा और वामीरो की प्रेम कथा | तताँरा और वामीरो एक दूसरे से प्रेम करते थे लेकिन दोनों अलग-अलग गाँव के थे

aglasem.com

| उनके गाँव की रीति के अनुसार दूसरे गाँव के व्यक्ति के साथ विवाह संबंध नहीं हो सकता था | एक बार वामीरो की माँ ने तताँरा को अपमानित किया और गाँव वाले भी उनके प्रेम का विरोध करने लगे तो क्रोध में तताँरा ने तलवार निकाली और उसे पूरी ताकत से धरती में घोंप दिया और फिर उसे खींचते हुए दूर तक पहुँच गया| जहाँ तक लकीर खींच गई थी वहाँ तक दरार पड़ गयी और धरती दो टुकड़ों में बँट गयी | निकोबार द्वीपसमूह दो टुकड़ों में विभक्त हो गया |

Page: 84, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए

Q. 2. तताँरा खूब परिश्रम करने के बाद कहाँ गया? वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

Answer – तताँरा खूब परिश्रम करने के बाद समुद्र के किनारे टहलने गया था | सूरज डूबने का समय था, समुद्र से ठंडी हवा आ रही थी | पक्षियों के चहचहाहट धीमी होने लगी थी, सूरज की अंतिम रंग-बिरंगी किरणें फैली हुई थी |समुद्र की लहरों का संगीत सुनाई दे रहा था |

Page: 84, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए

Q. 3. वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?

Answer – वामीरो से मिलने के बाद तताँरा का हृदय व्यथित था | वह अचंभित था और रोमांचित भी था| वह वामीरो से मिलने की प्रतीक्षा करने लगा और वह दिन उसके लिए बहुत ही उबाऊ था | उसके मन में वामीरो के न आने की आशंका थी लेकिन साथ ही आशा की एक किरण भी थी |

Page: 84, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए

Q. 4. प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे?

Answer – प्राचीन काल में मनोरंजन के लिए मेले का आयोजन होता था | शक्ति प्रदर्शन के लिए पशु-पर्व का आयोजन होता था जिसमें पशुओं के प्रदर्शन के अलावा पशुओं और युवकों के बीच प्रतियोगिता होती थी | बाद में नृत्य-संगीत, भोजन और अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे | गाँव के सभी लोग इसमें हिस्सा लेते थे |

Page: 84, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए

Q. 5. रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों? स्पष्ट कीजिए।

Answer – रूढ़ियाँ इंसानों द्वारा एक अनुशासित जीवन जीने के लिए बनाई जाती है | लेकिन जब यही रूढ़ियाँ बंधन बन जाये तो मनुष्य को बोझ लगने लगती है इसलिए तब इनको तोड़ना ही सही विकल्प है क्योंकि यदि ये रूढ़ियाँ तोड़ी या बदली न जाये तो मनुष्य मानसिक रूप से इनके बोझ तले दबने लगता है और उसका विकास नहीं हो पाता | |

Page: 84, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए

aglasem.com

(ग) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए –

Q. 1. जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा |

Answer – एक बार वामीरो की माँ ने ततााँरा को अपमानित किया और गााँव वाले भी उनके प्रेम का विरोध करने लगे, उसे और कोई रास्ता न सूझा तो क्रोध में ततााँरा ने तलवार निकाली और उसे पूरी ताकत से धरती में घोंप दिया और फिर उसे खींचते हुए दूर तक पहुँच गया| जहाँ तक लकीर खींच गई थी वहाँ तक दरार पड़ गयी और धरती दो टुकड़ों में बँट गयी |

Page: 84, Block Name: निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए

Q. 2. बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी|

Answer – वामीरो से मिलने के बाद ततााँरा रोमांचित था| वह वामीरो से मिलने की प्रतीक्षा करने लगा और उसके मन में वामीरो के न आने की आशंका थी लेकिन साथ ही आशा की एक किरण भी थी | जो शाम के समय समुद्र में डूबती सूर्य की किरण की तरह कभी भी डूब सकती थी |

Page: 84, Block Name: निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए

भाषा अध्ययन

Q. 1. निम्नलिखित वाक्यों के सामने दिए कोष्ठक में (✓) का चिह्न लगाकर बताएँ कि वह वाक्य किस प्रकार का है –

(क) निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

(ख) तुमने एकाएक इतना मधुर गाना अधूरा क्यों छोड़ दिया? (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

(ग) वामीरो की माँ क्रोध में उफन उठी। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

(घ) क्या तुम्हें गाँव का नियम नहीं मालूम? (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

(ङ) वाह! कितना सुदंर नाम है। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

(च) मैं तुम्हारा रास्ता छोड़ दूँगा। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

Answer –

aglasem.com

(क) विधानवाचक

(ख) प्रश्नवाचक

(ग) विधानवाचक

(घ) प्रश्नवाचक

(ङ) विस्मयादिबोधक

(च) विधानवाचक

Page: 84, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 2. निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

(क) सुध-बुध खोना

(ख) बाट जोहना

(ग) खूशी का ठिकाना न रहना

(घ) आग बबूला होना

(ङ) आवाज़ उठाना

aglasem.com

Answer –

(क) सुध-बुध खोना – होश में न रहना

ततាँरा के वियोग में वामीरो अपनी सुध-बुध खो बैठी |

(ख) बाट जोहना – प्रतीक्षा करना

शाम होते ही माँ अपने बेटे की बाट जोहने लगी |

(ग) खूशी का ठिकाना न रहना – अत्यधिक खुश/प्रसन्न होना

राम परीक्षा में प्रथम आया तो उसकी ख़ुशी का ठिकाना न रहा |

(घ) आग बबूला होना – क्रोधित होना

तताँरा अपने अपमान से आग बबूला हो उठा |

(ङ) आवाज़ उठाना – अपनी बात रखना

हमें अन्याय के खिलाफ मिलकर आवाज़ उठानी चाहिए |

Page: 84, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 3. नीचे दिए गए शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए –

| शब्द | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| चर्चित | ------------------- | ------------------- |
| साहसिक | ------------------- | ------------------- |
| छटपटाहट | ------------------- | ------------------- |
| शब्दहीन | ------------------- | ------------------- |

aglasem.com

Answer –

| शब्द | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| चर्चित | चर्चा | इत |
| साहसिक | साहस | इक |
| छटपटाहट | छटपट | आहट |
| शब्दहीन | शब्द | हीन |

Page: 85, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 4. नीचे दिए गए शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए –

------------------ + आकर्षक = ------------------

------------------ + ज्ञात = ------------------

------------------ + कोमल = ------------------

------------------ + होश = ------------------

------------------ + घटना = ------------------

Answer –

अन + आकर्षक = अनाकर्षक

अ + ज्ञात = अज्ञात

सु + कोमल = सुकोमल

बे + होश = बेहोश

दुर् + घटना = दुर्घटना

Page: 85, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 5. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए –

(क) जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ। (मिश्रवाक्य)

(ख) फिर तेज़ कदमों से चलती हुई तताँरा के सामने आकर ठिठक गई। (संयुक्त वाक्य)

(ग) वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ़ दौड़ी। (सरल वाक्य)

(घ) तताँरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी। (संयुक्त वाक्य)

(ङ) रीति के अनुसार दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था। (मिश्रवाक्य)

Answer –

(क) जीवन में यह पहला अवसर है जब मैं विचलित हूँ।

(ख) फिर तेज़ कदमों से चलती हुई आई और तताँरा के सामने आकर ठिठक गई।

aglasem.com

(ग) वामीरो कुछ सचेत होकर घर की तरफ़ दौड़ी।

(घ) उसने तताँरा को देखा और वह फूटकर रोने लगी।

(ङ) ऐसी रीति थी कि दोनों एक ही गाँव के हो।

Page: 85, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 6. नीचे दिए वाक्य पढ़िए तथा 'और' शब्द के विभिन्न प्रयोगों पर ध्यान दीजिए -

(क) पास में सुन्दर और शक्तिशाली युवक रहा करता था | (दो पदों को जोड़ना)

(ख) वह कुछ और सोचने लगी | ('अन्य' के अर्थ में)

(ग) एक आकृति कुछ साफ़ हुई………. कुछ और…….. कुछ और……….. (क्रमशः धीरे-धीरे के अर्थ में)

(घ) अचानक वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ़ दौड़ गई | (दो उपवाक्यों को जोड़ने के अर्थ में)

(ड़) वामीरो का दुख उसे और गहरा कर रहा था | ('अधिकता' के अर्थ में)

(च) उसने थोड़ा और करीब जाकर पहचानने की चेष्टा की | (निकटता के अर्थ में )

Answer - छात्र स्वयं करें |

Page: 85, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 7. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –

भय, मधुर, सभ्य, मूक, तरल, उपस्थिति, सुखद।

Answer –

भय - अभय

मधुर - कर्कश

सभ्य - असभ्य

मूक - वाचाल

aglasem.com

तरल - ठोस

उपस्थिति - अनुपस्थिति

दुखद - सुखद

Page: 85, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 8. नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

समुद्र, आँख, दिन, अँधेरा, मुक्त।

Answer –

समुद्र - सागर, जलधि

आँख - नेत्र, चक्षु

दिन - दिवस, वासर

अँधेरा - तम, अंधकार

मुक्त - आज़ाद, स्वतंत्र

Page: 85, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 9. नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

किंकर्तव्यविमूढ़, विह्वल, भयाकुल, याचक, आकंठ।

Answer –

किंकर्तव्यविमूढ़ – मुसीबत में अपने दोस्त से मदद पाकर सोहम किंकर्तव्यविमूढ़ था |

विह्वल – वामीरो की दशा देखकर उसके घरवाले भाव-विह्वल हो गए |

भयाकुल – अँधेरे में राम भयाकुल हो गया |

याचक – दरवाज़े पर एक याचक खड़ा था।

aglasem.com

आकंठ - नेहा बहुत ही मधुर आकंठ से गीत गाती है |

Page: 86, Block Name: भाषा अध्ययन


Q. 10. 'किसी तरह आँचरहित एक ठंडा और ऊबाऊ दिन गुज़रने लगा' वाक्य में दिन के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है? आप दिन के लिए कोई तीन विशेषण और सुझाइए।

Answer – विशेषण - ठंडा, ऊबाऊ

दिन के लिए कोई तीन विशेषण - सुदंर, उजला, जोशीला।


Page: 86, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 11. इस पाठ में 'देखना' क्रिया के कई रूप आए हैं – 'देखना' के इन विभिन्न शब्द-प्रयोगों में क्या अंतर है? वाक्य-प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए।




aglasem.com

इसी प्रकार 'बोलना' क्रिया के विभिन्न शब्द–प्रयोग बताइए |




Answer - 'देखना' क्रिया के इन विभिन्न शब्द-प्रयोगों में निम्नलिखित अंतर इस प्रकार हैः

(1) आँखें केंद्रित करना - हमारी लक्ष्य पर आँखें केंद्रित होनी चाहिए तभी सफलता मिलती है।

(2) निर्निमेष ताकना - सोहन प्रकृति की सुंदरता को निर्निमेष ताकता रहा।

(3) नज़र पड़ना - बाजार में आज बचपन की सहेली पर मेरी नज़र पड़ गई।

(4) निहारना - माँ बच्चे को निहार रही थी।

(5) ताकना - दूसरों के घर में ताकना अच्छी बात नहीं होती।

(6) घूरना - कुछ लोग लड़की को घूर रहे थे |

'बोलना' क्रिया के विभिन्न शब्द-प्रयोग इस प्रकार हैः

- कुछ कहना
- मुँह खोलना
- बातचीत करना
- बोलती बंद करना

Page: 86, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 12. नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए –

(क) श्याम का बड़ा भाई रमेश कल आया था। (संज्ञा पदबंध)

(ख) सुनीता परिश्रमी और होशियार लड़की है। (विशेषण पदबंध)

(ग) अरुणिमा धीरे-धीरे चलते हुए वहाँ जा पहुँची। (क्रिया विशेषण पदबंध)

(घ) आयुष सुरभि का चुटकुला सुनकर हँसता रहा। (क्रिया पदबंध)

ऊपर दिए गए वाक्य (क) में रेखांकित अंश में कई पद हैं जो एक पद संज्ञा का काम कर रहे हैं। वाक्य (ख) में तीन पद मिलकर विशेषण पद का काम कर रहे हैं। वाक्य (ग) और (घ) में कई पद मिलकर क्रमशः क्रिया विशेषण और क्रिया का काम कर रहे हैं।

ध्वनियों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं और वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'पद' कहलाता है; जैसे - 'पेड़ों पर पक्षी चहचहा रहे थे।' वाक्य में 'पेड़ों' शब्द पद है क्योंकि इसमें अनेक व्याकरणिक बिंदु जुड़ जाते हैं। कई

aglasem.com

पदों के योग से बने वाक्यांश को जो एक ही पद का काम करता है, पदबंध कहते हैं। पदबंध वाक्य का एक अंश होता है।

पदबंध मुख्य रुप से चार प्रकार के होते हैं –

• संज्ञा पदबंध • क्रिया पदबंध

• विशेषण पदबंध • क्रियाविशेषण पदबंध

वाक्यों के रेखांकित पदबंधों का प्रकार बताइए –

(क) उसकी कल्पना में वह एक अद्‌भुत साहसी युवक था।

(ख) तताँरा को मानो कुछ होश आया।

(ग) वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता।

(घ) तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

(ङ) उसकी व्याकुल आँखें वामीरों को ढूँढने में व्यस्त थीं।

Answer –

(क) विशेषण पदबंध

(ख) क्रिया पदबंध

(ग) क्रिया विशेषण पदबंध

(घ) संज्ञा पदबंध

(ङ) संज्ञा पदबंध

Page: 86, Block Name: भाषा अध्ययन

योग्यता विस्तार

Q. 1. पुस्तकालय में उपलब्ध विभिन्न प्रदेशों की लोककथाओं का अध्ययन कीजिए |

Answer - छात्र स्वयं करें |

aglasem.com

Page: 87, Block Name: योग्यता विस्तार

Q. 2. भारत के नक़्शे में अंदमान निकोबार द्वीप समूह की पहचान कीजिए और उसकी भौगोलिक स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त कीजिए |

Answer - छात्र स्वयं करें |

Page: 87, Block Name: योग्यता विस्तार

Q. 3. अंदमान निकोबार द्वीप समूह की प्रमुख जनजातियों की विशेषताओं का अध्ययन पुस्तकालय की सहायता से कीजिए |

Answer - छात्र स्वयं करें |

Page: 87, Block Name: योग्यता विस्तार

Q. 4. दिसंबर 2004 में आए सुनामी का इस द्वीपसमूह पर क्या प्रभाव पड़ा? जानकारी एकत्रित कीजिए |

Answer - छात्र स्वयं करें |

Page: 87, Block Name: योग्यता विस्तार

परियोजना कार्य

Q. 1. अपने घर-परिवार के बुजुर्ग सदस्यों से कुछ लोककथाओं को सुनिए | उन कथाओं को अपने शब्दों में कक्षा में सुनाइए |

Answer - छात्र स्वयं करें |

Page: 87, Block Name: परियोजना कार्य

aglasem.com